
# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनाँदगांव (छ.ग.)

# राष्ट्रीय कैडेट कोर




वार्षिक प्रतिवेदन

**सत्र् –2017–18**

# <u>राष्ट्रीय कैडेट कोर आर्मी</u>
## <u>वार्शिक प्रतिवेदन 2017–18</u>

एकता और अनुशासन का ध्येय लिए राष्ट्रोयकैडेट कोर युवाओं में नेतृत्वशक्ति, चरित्र, प्रगाढ़ सेवाभाव व खेल भावना का आदर्श लिए युवाओं की अनुशक्ति, प्रशिक्षित् हाथों से एक सैन्य दल का सृजन कर आपातकाल में देश को द्वितीय रक्षापंक्ति प्रदान करने के साथ–साथ युवाओं को इस प्रकार प्रशिक्षित कर रहा है, ताकि उनमें अफसरोचित गुणों का विकास हो और वे सेना में कमीशन प्राप्त कर सकें, तथा देश के लिए एक जिम्मेदार नागरिक तैयार हो सकें।

शासकिय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगॉव एन.सी.सी. की एक गौरवशाली परम्परा रही है। 1990–91 में म.प्र. एन. सी.सी. रायफल्स की सब युनिट से प्रारंभ होकर वर्तमान में छात्र एवं छात्रा विंग के रुप में अलग–अलग एन.सी.सी. सब युनिट 37 छ.ग. एन.सी.सी. बटालियन दुर्ग छ.ग. के क्षेत्राधिकार में छात्र/छात्राऐं आर्मी एवं नेवल एन.सी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। 1960–61 में छात्रविंग युनिट के रुप में एन.सी.सी. महाविद्यालय में स्थापित हुई थी। नीतिगत परिवर्तनों के परिणाम स्वरुप जुलाई 1984 में छात्रा युनिट भी महाविद्यालय में प्रारंभ की गई।

इस सत्र में महाविद्यालय की **छात्रविंग–थल**कैडेटों की संख्या 65 से बढकर86, एवं **छात्राविंग–थल** में 52 से 72 विद्यार्थियों को पजीकृत किया गया है। इन्हे तीन वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें आर्मी एवं नेवी से सम्बन्धित विषय जैसे– रायफल ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, मिलिटरी विषय जैसे सिग्नल, फील्ड–क्राफ्ट एवं बैटिल क्रापट एवं टेक्टिस के अलावा तैराकी, जहाजों की बनावट, सम्बन्धित तकनीक आदि का प्र"ाक्षण दिया जाता है। साथ ही छात्र–छात्राओं के बौधिक एवं शारीरिक विकास हेतु अन्य विषय जैसे– नेतृत्व, नागरिक सुरक्षा, आत्म सुरक्षा, स्वास्थ्य एचं सफाई, प्राथमिक उपचार आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट विभिन्न षिविरों में सम्मिलित हाते है जिसमें वे अन्य संस्कृति के बारे में जानते हैं।

एक वर्ष के प्रशिक्षण उपरांत द्वीतिय वर्ष में 'बी' एवं तृतीय वर्ष में 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित कर 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। इस प्रमाण–पत्र से छात्राओं को उच्च कक्षा में प्रवेश हेतु बोनस अंक प्राप्त होते हैं। शासकिय एवं अशासकिय पदों हेतु भी बोनस अंक एवं पद आरक्षित होते हैं।

## कैडेटों की उपलब्धि निम्नलिखित हैं।

1. **विभिन्न ि"ाविरों** में कैडेटों की भागीदारी:

–सीनियर अण्डर अफसर का"ीराम वर्मा '**गणतंत्र दिवस परेड– नई दिल्ली' 2018** में राजपथ पर चयनित हुए।

–सार्जेंट स्वाती गायकवार ने **'थल सेना ि"ाविर–नई दिल्ली' 2017** में शूटिंग विघा में रायपुर ग्रुप को तृतीय स्थान दिलाया।

–कारपोरल आशमा परवीन कुरैशी ने '**राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता मावलंकर चैम्पियनशिप' आसनसोले (पश्चिम बंगाल)2017** में50 मीटर दूरी से एन.आर.ए.आई. टारगेट पर निशाना लगाकर 225 अंक लेकर बारहवें स्थान पर रहीं।

–जूनियर अण्डर अफसर पारस राम ने **वि"ाश्टराष्ट्रीय एकता ि"ाविर**– नई दिल्ली' 2018 मेंएन.आई.ए.पी एवं सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता में रायपुर ग्रुप को प्रथम स्थान दिलाया।

–**आर्मी अउेचमेंट**– 10 छात्र कैडेट जबलपुर।

–**राश्ट्रीय एकता ि"ाविर**– 05 छात्र कैडेट एवं 05 छात्रा कैडेट इंदौर।

–**वार्शिक प्र"ाक्षण ि"ाविर**– 38 छात्र कैडेट एवं 35 छात्रा कैडेट दुर्ग, उतई, रायगढ़, बिलासपुर एवं आरंग रायपुर में।

2. <u>स्वतंत्रता–दिवस, गणतंत्र–दिवस एवं एन.सी.सी. स्थापना दिवस</u>: इन अवसरों पर कैडेट उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

<u>स्वतंत्रता–दिवस, गणतंत्र–दिवस</u>–

–महाविद्यालय के भूतपूर्व सैनिकों को श्रद्धांजलो दी।

–गौरव स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की।

–स्वतंत्रता–दिवस, गणतंत्र–दिवस के अवसर पर डिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

<u>एन.सी.सी. स्थापना दिवस</u>

–छात्र कैडेटों ने छद्म–युद्ध का रोचक प्रस्तुतिकरण किया।

–कैडेटों ने परेड का शानदार प्रर्दशन किया।

– रंगोली प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता – स्लो साइकिल एवं चम्मच दौड़ में भाग लिया।

–कैडेटों ने शानदार सॉकृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

3. <u>फायरिंग प्र"ाक्षण</u>: सत्र 2017–18 के थल सेना ि"ाविर में सम्मिलित होने हेतु पी.टी.एस राजनांदगॉव में 38 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी. राजनांदगॉव एवं न.पा.नि.उ.मा.शाला द्वारा फायरिंग का अभ्यास कराया गया। इसमें 85 कैडेटों ने प्रषिक्षण प्राप्त किया।
4. <u>**कैडेट क्रॉप कार्यक्रम**</u>–दिनांक 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2017 तक 'स्वच्छता ही सेवा है' के तहत् एन.सी.सी.के द्वारा कैडेट क्रॉप द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

– मुख्य अतिथि 38 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी. राजनांदगॉव के कमान् अधिकारी कर्नल डी.के.सिंह ने कैडेटों को स्वयं स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने व लोगों को भी स्वच्छता हेतु जागरुक करने के लिए शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा है के नारों के साथ कैडेटों की रैली को भी एन.सी.सी. फ्लेग दिखाकर रवाना किया।

–चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

–इस अवसरपर कैडेट क्रॉप कार्यक्रम का आयोजन स्टेट हाई स्कूल मे एन.सी.सी. अधिकारी राजनांदगॉव द्वारा किया गया जिसके इस अवसर पर कैडेटों के लिए एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ. सुरेश पटेल, जिला एन.एस.एस. संगठक थे। इस परिचर्चा में कैडेटों ने भी भाग लिया।
–स्वच्छता ही सेवा है पर शास. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगॉव के एन.सी.सी. छात्र–छात्रा केडैटों द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान प्रत्येक बुधवार को भी चलाया जाता है।

5. **वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह**: महाविद्यालय के वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह में कैडेटों ने पायलेटिंग की एवं कार्यकम में अनु"ाासन व्यवस्था में सहयोग किया। छात्र छात्राओं के साथ कैडेटों ने भी शपथ ली।
6. **प्रशासनिक एवं सामाजिक कार्य**: प्रषिक्षण के अलावा कैडेटों नेसामाजिक एवं प्रशासनिक कार्यों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

–**अंर्तराष्ट्रिय योग दिवसः** अंर्तराष्टोय योग दिवस पर शास. दिग्विजय महाविद्यालय में समस्त एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी संस्था के एन.सो.सी. कैडेट, कैडेट क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगा किया।
–**यातायात सप्ताहः** यातायात विभाग द्वारा आयोजित यातायात सुरक्षा सप्ताह में कैडेटों ने सहयोग किया। यातायात रैली, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं वाद्विवाद प्रतियोगिता में भाग ले कर जागरुकता जगाइ। डी.एस.पी. श्री आई.एस.चंद्रा ने कैडेटों एवं छात्र–छात्राओं को यातायात संबंधी जानकारी दी।
–**मतदाता दिवसः** मतदाता दिवस में**एम्बेस्डर** के रुप में सीनियर अण्डर अफसर **मोहित चन्द्राकर**, सीनियर अण्डर अफसर **उपासना शर्मा**ने जिला प्रशासन के साथ सहयोग कर रैली निकाली एवं विद्यार्थियों को मतदान सूची में नाम जोड़ने व मतदान करने के लिए लोगों को उत्प्रेरित किया।
–**सुभाषचन्द्र बोस जयंतीः** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर महाविद्यालय एवं जिला प्रशासन भवन में कैडेटों द्वारा सलामी दी गई।
– **एकता दिवस/युवा दिवसः**श्री राजीव गॉधी जयंती के अवसर पर मेराथन दौड में कैडेट सम्मिलित हो कर युवा शक्ति का परिचय दिया।
–**स्वच्छता सप्ताहः**स्वच्छता सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़ा के अंर्तगत् प्रत्येक बुधवार कैडेटस् महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई का कार्य करते है। रैली के माध्यम से स्वच्छता का प्रचार किया।
–**शहीद लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित शहादत दिवसः** राजनॉदगॉव के वीर सपूत जम्मू रेजिमेंट के लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित जो कारगिल युद्ध में शहीद हुए, को कैडेटों ने सलामी दी।
–**वृक्षारोपण**ःएन.सी.सी कैडेटा द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं फलदार पौघों का वितरण किया व जागरुकता हेतुरैली निकाली।
–**कैरियर गाईडेंस पर व्याख्यान**
–**एड्स दिवसः** पर जागरुकता रैली एवं कैडेटों के लिए डॉ.माजिद अली द्वारा एड्स पर ब्वायान।
–**नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम**–दे"ा कोन"ाा मुक्त बनाने हेतु कैडेटों द्वारा जन जन में जागरुकता लाने के लिए रैली निकाली गई। स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।
–**सैनिक कल्याण समितिः** कैडेटों ने शहीद सैनिकों के परिवार के कल्याण के लिए उपयोग में आने वाली धनरा"ी सैनिक कल्याण समिति द्वारा सैनिक कल्याण हेतु सैनिक कल्याण समिति कोष में सहायता राशी जन जन के बीच प्रचार प्रसार कर एकत्रित की।
–**जल संरक्षण दिवसः** 22.03.17 को विश्व जल संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में कैडेटों ने जल संरक्षण एवं बचत की शपथ ली।

7. **वि"ोशप्रोत्साहन**–एन.सी.सी. कैडेटों को प्रोत्साहित करने के लिये महाविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक की व्यवस्था दान–दाताओं के सहयोग से की जाती है। श्रेष्ठ कैडेट के लिए श्रीमती रमादेवी पाण्डेय स्मृति स्वर्ण पदक**सीनियर अण्डर अफसरमोहित चन्द्राकर**, एन.सी.सी. छात्र विषेष उपलब्धि हेतु श्री देवनारायण सिंह स्मृति स्वर्ण पदक**सार्जेंट स्वाती गायकवार**,एन.सी.सी. छात्रा–थल विंग श्रेष्ठ कैडेट के लिए श्री लालचंद गिडिया स्वर्ण पदक**सीनियर अण्डर अफसर किरण वर्मा** को प्रदान किया गया।

## सत्र 2017 –2018 में कैडेटों की सहभागिता






**SUOका"ाी राम वर्माSGTस्वाती गायकवारCPLआशमा परवीन कुरैशी 'राष्ट्रीय शूटिंग**
**राष्ट्रीय गणतन्त्र दिवस, नई दिल्लीथल सेना ि"ाविर, नई दिल्लीप्रतियोगिता मावलंकर चैम्पियनशिप(W.B.)**

ग्रुप कमांडर कर्नल पी.के.पाणी द्वारा मावलंकर एवं थल सेना ि"ाविर से लौटे कैडेटों को पुरस्कृत किया



दो कैडेट को मिला बेस्ट रायफल शूटिंग का सर्टिफिकेट व मेडल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की दो एनसीसी कैडेट ने एनसीसी के कैंप में कैप्टन पीडी सोनकर और मेजर किरन दामले के नेतृत्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। जिसमे एनसीसी कैडेट एसजीटी स्वाती गायकवाड़ ने थल सैनिक कैंप में भाग लिया जो चयन होते हुए दिल्ली तक पहुँची और दूसरी कैडेट सीडीटी आसमा परवीन कुरैशी के नेशनल मोलांकर शूटिंग शिविर में भाग लिया जिसमें उसने बेस्ट रायफल शूटिंग किया और वह नेशनल स्तर तक शूटिंग की और दोनों कैडेटों ने अपने महाविद्यालय एवं अपने एनसीसी यूनिट का नाम रोशन किया।



कैडेटों को मिला बेस्ट रायफल शूटिंग का सर्टिफिकेट व मेडल

क्रांतिकारी संवाददाता

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की दो एनसीसी कैडेट ने एनसीसी के कैंप में कैप्टन पीडी सोनकर और मेजर किरन दामले के नेतृत्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। जिसमे एनसीसी कैडेट एसजीटी स्वाती गायकवाड़ ने थल सैनिक कैंप में भाग लिया जो चयन होते हुए दिल्ली तक पहुँची और दूसरी कैडेट सीडीटी आसमा परवीन कुरैशी के नेशनल मोलांकर शूटिंग शिविर में भाग लिया जिसमें उसने बेस्ट रायफल शूटिंग किया और वह नेशनल स्तर तक शूटिंग की और दोनों कैडेटो ने अपने महाविद्यालय एवं अपने एनसीसी यूनिट का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएन सिंह ,मेजर किरन दामले और एनसीसी मीडिया प्रभारी मोहित त्रिपाठी, विजेंद्र वर्मा ने दोनों कैडेटों का सम्मान किया एवं बधाई दी।



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की दो एन.सी.सी कैडेट को मिला बेस्ट रायफल शूटिंग का सर्टिफिकेट एवं मेडल

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की दो एन.सी.सी. कैडेट ने एन.सी.सी. के कैंप में कैप्टन पी. डी. सोनकर और मेजर किरन दामले के नेतृत्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। जिसमे एन.सी.सी. कैडेट एस. जी. टी. स्वाती गायकवाड़ ने थल सैनिक कैंप में भाग लिया जो चयन होते हुए दिल्ली तक पहुँची और दूसरी कैडेट सी.डी.टी. आसमा परवीन कुरैशी के नेशनल मोलांकर शूटिंग शिविर में भाग लिया जिसमें उसने बेस्ट रायफल शूटिंग किया और वह नेशनल स्तर तक शूटिंग की और दोनों कैडेटो ने अपने महाविद्यालय एवं अपने एन.सी.सी. यूनिट का नाम रोशन किया ।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह ,मेजर किरन दामले, और एन.सी.सी. मीडिया प्रभारी मोहित त्रिपाठी,विजेंद्र वर्मा ने दोनों कैडेटो का सम्मान किया एवं बधाई दी।



## अर्तराष्ट्रीय योग दिवस

योग प्रि"ाक्षक द्वारा योगाभ्यास







महाविद्यालय में समस्त प्राध्यापक, कार्यालयीन अधिकारी व कर्मचारी एवं एन.सी.सी. कैडेटोंद्वारा सामूहिक योग

## फायरिंग प्र"ाक्षण







पत्रिका

हथियार चलाने की ट्रेनिंग

### एनसीसी कैडेट सीख रहे हैं निशानेबाजी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

राजनांदगांव. कैडेट क्लब द्वारा स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल में विगत 2 सप्ताह से एनसीसी कैडेटों को थल सैनिक शिविर के लिए राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत निशानेबाजी से संबंधित विभिन्न तकनीकि पहलुओं एवं बारीकियों को विस्तृत रूप से कैडेट क्लब के सचिव संदिप जायसवाल द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव के मार्गदर्शन में हो रहा है। जिसमें चंद्रजीत कौशिक, कुशल रजक, शुभम भोईर, नेहा साहू, अनुसुईया साहू आदि सदस्य सम्मिलित होकर प्रशिक्षण दे रहे हैं।



प्रशिक्षण

### थल सेना कैंप की तैयारी के लिए दी गई ट्रेनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

राजनांदगांव. थल सैनिक कैंप 2017 की तैयारी के लिए कैडेट क्लब राजनांदगांव द्वारा एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 2 घंटे का थ्योरी और प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है। कैडेटों को रायफल फायरिंग पोजिशन और टारगेट में सटीक निशाना लगाने से संबंधित जानकारी दी जा रही है।

यह प्रशिक्षण कैडेट क्लब के सचिव संदीप जायसवाल एवं अन्य सदस्यों द्वारा दी जा रही है। शुभारंभ अवसर पर सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल के एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव एवं केयर टेकर आशा शाह एवं कैडेट क्लब से तरुण जादव, कुशल रजक एवं शुभम भोइर तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

एन.सी.सी. राजनांदगॉव द्वारा 'राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता मावलंकर चैम्पियनशिप' एवं टी.एस.सी दिल्ली के चयन प्र"ाक्षण व फायरिंग का अभ्यास कराया गया



## दिखाया जोश.. कैम्प में 199 कैडेटों ने फायरिंग की

राजनांदगांव। ३७ सी.जी. बी.एन. एन.सी.सी. दुर्ग की तरफ से आयोजित १० दिवसीय सी.ए.टी.सी. कैम्प में राजनांदगांव पी.टी.एस. फायरिंग रेंज में १९९ कैडेटों ने फायरिंग की।

इस दौरान अधिकारी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणवीर सिंह १ सी.जी. आर. एण्ड व्ही. बटालियन एन.सी.सी. अंजोरा, कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टि. कर्नल डी.के. सिंह ३८ सी.जी. बटालियन एन.सी.सी. राजनांदगांव, लेफ्टि. संतोष मिश्रा, थर्ड ऑफिसर ए.के. शर्मा, सुबेदार मेजर डी.बी. थापा, सूबेदार अमर सिंह, हवलदार आँचल थापा, हवलदार प्रेमानंद, नायक सिवेन्दर सिंह उपस्थित थे।

यह फायरिंग कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश सेठी के दिशा निर्देशों में की गयी। कमांडिंग ऑफिसर ने पी.टी.एस. के अधिकारियों का रेंज उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद करते हुए भविष्य में इसी प्रकार का सहयोग की अपेक्षा की है।

## एलीगेंट कॉलेज में अब प्रवेश 31 तक

राजनांदगांव। एलीगेंट कॉलेज मोतीनाथ मंदिर परिसर भरकापारा में संचालित पाठ्यक्रमों बीबीए, डीसीए, पीजीडीसीए, बी.कॉम एवं बीसीए के



सीएटीसी कैंप में

## 199 एनसीसी कैडेट् ने ली फायरिंग की सीख

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

राजनांदगांव. 37 सीजी बीएन एनसीसी, दुर्ग की तरफ से आयोजित 10 दिवसीय सीएटीसी कैम्प में 25 अगस्त को राजनांदगांव पीटीएस फायरिंग रेंज में 199 कैडेटों ने फायरिंग किए। इस दौरान अधिकारी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणवीर सिंह 1 सीजी आरएण्ड व्ही बटालियन एनसीसी अंजोरा, कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल डीके सिंह 38 सीजी बटालियन एनसीसी राजनांदगांव, लेफ्टि. संतोष मिश्रा, थर्ड ऑफिसर एके शर्मा, सुबेदार मेजर डीबी थापा, सुबेदार अमर सिंह, हवलदार आंचल थापा, हवलदार प्रेमानंद, नायक सिवेन्दर सिंह उपस्थित थे। यह फायरिंग कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश सेठी के दिशा निर्देशों में फायरिंग की गई।



## खराब प्रदर्शन करने वाले कैडेटों से कराया दंड बैठक

राजनांदगांव. सीएटीसी कैंप में फायरिंग की प्रशिक्षण लेते कैडेट्स।

राजनांदगांव। 37वीं सीजी बीएन एनसीसी दुर्ग द्वारा 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप के दौरान शुक्रवार को पीटीएस फायरिंग रेंज में 199 कैडेटों ने फायरिंग किया।

इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणवीर सिंह, एनसीसी बटालियन अंजोरा कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल डीके सिंह, 38वीं सीजी बटालियन एनसीसी लेफ्टिनेंट संतोष मिश्रा, एके शर्मा, सूबेदार मेजर डीबी थापा, सूबेदार अमर सिंह, हवलदार आंचल थापा, हवलदार प्रेमानंद नायक व शिवेंद्र सिंह मौजूद थे।

## स्वतंत्रता–दिवस




स्वतंत्रता–दिवस की पूर्व–संध्यापरगौरव स्थल पर भाहीदों को श्रद्धांजली





झंडा वंदन एवं महाविद्यालय के भूतपूर्व सैनिकों को श्रद्धांजली






आर्मी व नेवी एन.सी.सी. के मेधावी कैडेट एवं एन.एस.एस के स्वयं सेवकउनके उपलब्धियों हेतु पुरस्कृत





गणतंत्र–दिवस परेड दिल्ली 2016 हेतु**SUO**दीपक त्रिपाठी एवं ड्रिल में **SD**प्रथमपुरस्कृत स्वल्पाहार वितरण

## गणतंत्र–दिवस





झंडा वंदन एवं महाविद्यालय के भूतपूर्व सैनिकों को श्रद्धांजली





स्थानिय गणतंत्र–दिवस समारोह में उद्‌घोशणाड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विभिन्न विधाओं में पुरस्कृत कैडेट

## एकता दिवस



राजनांदगांव

दैनिक भास्कर

भिलाई-राजनांदगांव, गुरुवार 02 नवंबर, 2017 | 18

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर छात्रों ने लिया एकता का संकल्प



राजनांदगांव. दिग्विजय कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया।

राजनांदगांव| दिग्विजय कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व एनसीसी के कैडेट्स ने सामूहिक एकता दौड़ में भाग लिया। इसके बाद कॉलेज परिसर में प्राचार्य, प्राध्यापक, एनसीसी व एनएसएस अधिकारी और छात्रों ने एकता संकल्प शपथ लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता पर हम सब एक है विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया। संगोष्ठी में एनसीसी अधिकारी प्रो. पीडी सोनकर, मेजर किरणलता दामले, प्रो. राजू खूंटे व एनएसएस के अधिकारी डॉ. प्रमोद महीश, प्रो. हेमंत साव ने राष्ट्र को एक करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल व इंदिरा गांधी के प्रयासों और बलिदानों के बारे में बताया। वक्ताओं ने छात्रों को दोनों के जीवन चरित्र से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।



# <u>एन.सी.सी. स्थापना दिवस</u>





कैडेटों ने परेड का शानदार प्रर्दशन किया।





छात्र कैडेटों ने छद्मयुद्धएवं शानदार सॉकृतिक कार्यकम का रोचक प्रस्तुतिकरण किया।





प्रतियोगिता

यातायात प्रभारी ने दिखाई हरी झंडी

राजनांदगांव. एनसीसी दिवस के दूसरे दिन मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल तथा महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए. मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएसपी यातायात प्रभारी एम.एस. चंद्रा ने की. इस दौरान एनसीसी के अधिकारी भी उपस्थित रहे.



मिनी मैराथन दौड़

फोटो : नईदुनिया

टेबलू एन.सी.सी.झांकी का पद”ानकैडेटों द्वारा मराथन दौड़

# कैडेट क्रॉप कार्यक्रम




कमान अधिकारी कर्नल डी.के.सिंहद्वारा भापथ रैली को एन.सी.सी. फ्लेग दिखाकर रवाना किया।




कैडेट क्रॉप कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा है' पर व्याख्याान आयोजित, कैडेटों द्वारा विचार व्यक्त किया गया परिचर्चा









महाविद्यालय परिसर में कैडेटों का वृहद स्वच्छता कार्य

# यातायात सप्ताह








## ट्रैफिक नियमों का पालन करने समझाइश

16.10.2017

आयोजन

- महाविद्यालय में यातायात पर जागरूकता अभियान चलाया गया

नवभारत संवाददाता | राजनांदगांव

यातायात पुलिस विभाग, राजनांदगांव द्वारा शासकीय दिग्विजय कॉलेज में 15 सितंबर को यातायात पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात पुलिस अधिकारी, एम एस चंद्रा एवं उनके टीम द्वारा यातायात संकेत, स्टॉप लाईन रोड मार्किंग, सेन्टर लाईन, दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चालक के लिए प्रमुख दस्तावेज हेलमेट संबंधित नियम कायदे को सविस्तार पूर्वक विद्यार्थियों के सम्मुख रखा गया. इस अवसर पर एम एस चंद्रा ने कहा कि हमेशा रोड का उपयोग करते समय यातायात संबंधी नियमों का पालन करें ताकि कभी भी दुर्घटनाओं का सामना न करना पड़े. स्वयं के सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग करना न भूले. वाहन चलाते समय प्रमुख दस्तावेज हमेशा अपना साथ रखें. उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाईल फोन उपयोग करना, वाहन चालकों द्वारा एक दूसरे को ओवर टेक करने की कोशिश करना, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है. उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र में यातायात संबंधी दुर्घटनाएं अधिक होती है. कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का ट्रैफिक नियमों का जानकारी न होना. कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आर.एन.सिंह, प्रो.पी डी सोनकर, प्रो.किरण लता दामले, प्रो.राजू खुंटे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहे. महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए यातायात पर यह जागरूकता अभियान निश्चित ही उपयोगी का विषय रहा. अंत में छात्र छात्राओं द्वारा यातायात संबंधित नियम का पालन करने हेतु अपनी मंशा जाहिर किया गया. उक्त जानकारी छात्र रमन सोनवानी ने दी.

डी.एस.पी. श्री आई.एस.चंद्रा द्वारा व्याख्यान।कैडेटों एवं छात्र–छात्राओं को यातायात संबंधी जानकारी दी।

# मतदाता दिवस















## निष्पक्ष मतदान करने किया प्रेरित

दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटो द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली के प्रारंभ में स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी डा.शैलेन्द्र सिंह, एनसीसी आफिसर प्रोफेसर पीडी सोनकर, मेजरकिरणलता दामले व प्रोफेसर हीरेन्द्र ठाकुर द्वारा मततदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही 18 वर्ष की आयु वाले नए मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया गया और उनसे अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए निष्पक्ष मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

मतदान हेतु भापथ वरैली निकाली एवं विद्यार्थियों को मतदान सूची में नाम जोड़ने व मतदान करने के लिए लोगों को उत्प्रेरित किया।

## सुभाषचन्द्र बोस जयंती





नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर जिला प्रशासन भवन में कैडेटों द्वारा सलामी दी गई।

## शहीद लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित शहादत दिवसः




एनसीसी कैडेटों ने दी श्रद्धांजलि

राजनॉदगॉव के वीर जम्मू रेजिमेंट के लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित कारगिल युद्ध में शहीद को कैडेटों ने सलामी दी।

## कैरियर गाईडेंस पर व्याख्यान




कैडेटों को कैरियर के बारे में रोजगार मार्गद”ाक विभाग द्वारा रोजगार की जानकारी दी गई

## रक्त–दान



कैडेटों द्वारा रक्त दान ि"ाविर एवं मरीजों की मांग पर समय समय पर रक्त दान किया

## एड्स दिवस




एड्स दिवस पर जागरुकता रैली एवं कैडेटों के लिए



डॉ.माजिद अली, प्राणी"ाास्त्र, भाास. दिग्विजय महसविद्यालय द्वारा एड्स पर व्खायान।

# एनसीसी कैडेटों ने निकाली रैली

राष्ट्रीय हिन्दी मेल | राजनांदगांव



कमान अधिकारी कर्नल डीके सिंह 38 छग बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के निर्देशन में 1 दिसंबर एड्स दिवस के अवसर पर जूनियर डिवीजन एनसीसी एवं जूनियर विंग एनसीसी के कैडेटों ने रैली निकाली जनजागरण किया।

रैली के पूर्व स्थानीय सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं स्टेट स्कूल के कैडेट एकत्र हुए, जहां जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के डा. बीएल कुमरे ने एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए रोकथाम एवं उपचार की संपूर्ण जानकारी दी।

साथ ही कैडेटों ने प्रश्नों के माध्यम से एड्स के शंका का समाधान किया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से भी कैडेटों को एड्स किन कारणों से होता है और कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दी गई। तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। जयघोष के साथ रैली जयस्तंभ चौक, महावीर चौक, आजाद चौक, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन से जमातपारा होते हुए रैली समापन म्युनिस्पल स्कूल में किया गया। पूरे आयोजन में एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव एवं सुनील भागवत की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# एड्स दिवस पर कैडेटों ने निकाली रैली

राजनांदगांव। कमान अधिकारी कर्नल डीके सिंह 38 छग बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के निर्देशन में 1 दिसंबर एड्स दिवस के अवसर पर जूनियर डिवीजन एनसीसी एवं जूनियर विंग एनसीसी के कैडेटों ने रैली निकाली जनजागरण किया। रैली के पूर्व स्थानीय सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं स्टेट स्कूल के कैडेट एकत्र हुए, जहां जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के डा. बीएल कुमरे ने एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए रोकथाम एवं उपचार की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही कैडेटों ने प्रश्नों के माध्यम से एड्स के शंका का समाधान किया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से भी कैडेटों को एड्स किन कारणों से होता है और कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दी गई।



तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। जयघोष के साथ रैली जयस्तंभ चौक, महावीर चौक, आजाद चौक, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन से जमातपारा होते हुए रैली समापन म्युनिस्पल स्कूल में किया गया। पूरे आयोजन में एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव एवं सुनील भागवत की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# दिग्विजय महाविद्यालय के एन. सी. सी केडेटों ने मनाया विश्व एड्स दिवस

राजनांदगांव। महाविद्यालय के आर्मी एवं नेवल के एन. सी. सी. केडेटों ने 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर व्याख्यान तथा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ माजिद अली तथा डॉ संजय ठिसके द्वारा एड्स विषय पर वीडियो के माध्यम से एड्स के वायरस , एड्स फैलाने के कारण,इसके लक्षण तथा बचाओ के बारे में बताया गया और एड्स बीमारी के प्रभाव से ग्रसित परिवार की एक छोटी सी फिल्म भी दिखाई गयी । कैप्टन पी डी सोनकर द्वारा एड्स के बचाव के लिए दो टेबलेट के रूप में समझदारी और जानकारी का उपयोग करने की सलाह दी गयी । व्याख्यान के बाद महाविद्यालय से रैली भी निकाली गयी तथा और एड्स के बचाव के नारे लगाये गये । इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ चन्द्रिका नाथवानी, मेजर किरण दामले ,कैप्टन पी डी सोनकर ,केयर टेकर राजू खुटे ,डॉ माजिद अली ,डॉ संजय ठिसके एवं सीनियर केडेट मोहित त्रिपाठी , राकेश यादव , काशी राम वर्मा तथा एन सी सी के कैडेट और महाविद्यालय के छात्र/ छात्राये उपस्थित रहे उक्त जानकारी एन सी सी मीडिया प्रभारी मोहित त्रिपाठी ने दी)

# रोकथाम के बताएं उपाए

एनसीसी कैडेटों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली के पहले सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला व स्टेट स्कूल के कैडेट एकत्र हुए, जहां जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के डा.बीएल कुमरे ने एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए रोक थाम व उपचार की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही कैडेटों ने प्रश्नों के माध्यम से एड्स के शंका का समाधान किया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से भी कैडेटों को एड्स किन कारणों से होता है और कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दी गई। इस दौरान ऐनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव व सुनील भागवत उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेटों ने निकाली रैली

**राजनांदगांव.** कमान अधिकारी कर्नल डीके सिंह राजनांदगांव के निर्देशन में 1 दिसंबर एड्स दिवस के अवसर पर जूनियर डिवीजन एनसीसी एवं जूनियर विंग एनसीसी के कैडेटों ने रैली निकाल जनजागरण किया।
रैली के पूर्व स्थानीय सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं स्टेट स्कूल के कैडेट एकत्र हुए, जहां जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के डॉ. बीएल कुमरे ने एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए रोकथाम एवं उपचार की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही कैडेटों ने प्रश्नों के माध्यम से एड्स के शंका का समाधान किया। रैली निकाली गई जो जयस्तंभ चौक, महावीर चौक, आजाद चौक, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन से जमातपारा होते हुए रैली समापन म्यूनिस्पल स्कूल में किया गया।

# एड्स दिवस ... कैडेट्स ने निकाली रैली




राजनांदगांव | विश्व एड्स दिवस पर जूनियर डिवीजन एनसीसी एवं जूनियर विंग एनसीसी के कैडेटों ने रैली निकालकर जनजागरण किया। रैली के पूर्व स्थानीय सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं स्टेट स्कूल के कैडेट एकत्र हुए, जहां जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के डॉ बीएल कुमरे ने एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए रोकथाम एवं उपचार की संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही कैडेटों ने प्रश्नों के माध्यम से एड्स के शंका का समाधान किया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से कैडेटों को एड्स किन कारणों से होता है और कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दी गई। तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। जयघोष के साथ रैली जयस्तंभ चौक, महावीर चौक, आजाद चौक, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन से जमातपारा होते हुए रैली समापन म्यूनिसिपल स्कूल में किया गया। पूरे आयोजन में एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव एवं सुनील भागवत की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## नि"ाुल्क स्वास्थ्य ि"ाविर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म"ाताब्दी के अवसर




नि"ाुल्क स्वास्थ्य ि"ाविर में कैडेटों का योगदान

## न"ाा मुक्ति दिवस व भ्रश्टाचार निशेध दिवस




नशा मु
न"ाविरोधिभिापथ एवंनिबंध प्रतियोगिता



तम्बाकू के दुष्परिणाम की दी जानकारी

# कैडटों ने मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग के निर्देशन में जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग कैडेटों ने 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि डॉ. ईश्वरी सोनी एवं अध्यक्षता के. मोहन राव ने की। अतिथियों का स्वागत कैडेटों ने किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने तम्बाकू निषेध दिवस पर प्रकाश डालते नशा के दुष्परिणाम तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों की विस्तृत जानकारी दी। अनेक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से कैडेटों को धूम्रपान, गुटखा एवं तम्बाकू के अवगुणों को बताया। साथ ही कैडेटों को तम्बाकू निषेध पर शपथ दिलाई गई एवं जनजागरण के माध्यम से संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

अंत में कैडेटों को हरी झंडी दिखाकर जन जागरण रैली निकाली गई, जो मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, इमाम चौक होते हुए म्युनिसिपल स्कूल में समाप्त हुई। इस अवसर पर यामिनी कला केंद्र के अध्यक्ष रितेश देवांगन, सदस्य पुनाराम यादव, राकेश यादव, जयेश मुदलियार, आशीष यादव, सेविता देवांगन सहित पूर्व एनसीसी कैडेट उपस्थित थे। कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी जेडी वैष्णव एवं सुनील [illegible] के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# कैडेटों ने रैली निकाली, संदेश दिया कि तंबाकू सेवन से हमेशा दूर रहें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

राजनांदगांव. 37 छग बटालियन दुर्ग के निर्देशन पर जूनियर डिविजन एवं जूनियर विंग कैडेटों ने 31 मई को विश्व तम्बाखू निषेध दिवस के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि डॉ. ईश्वरी सोनी और अध्यक्षता के मोहन राव का कैडेटों द्वारा स्वागत किया। अतिथियों ने तम्बाखू निषेध दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्‌बोधन में नशा के दुष्परिणाम तम्बाखू सेवन से होने वाली बीमारियों की विस्तृत जानकारी दी। कैडेटों को हरी झंडी दिखाकर जन जागरण रैली निकाली गई जो कि मानव मंदिर चौक, जय स्तंभ चौक, इमाम चौक से सर्वेश्वर दास शाला में समाप्त हुई। रितेश देवांगन, पूनाराम यादव, राकेश यादव, जयेश मुदलियार, अशीष यादव, सेविता देवांगन सहित पूर्व एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# गॉधी जयंती






गॉधी जयंती परजागरुगता रैली व नगर भ्रमण एवं कु”ठ ग्राम आ”ाा नगर मे श्रमदान किया व स्कूल के बच्चों एवं ग्रामवासियों के साथ अपना स्वल्पाहार भी बॉटा।

# भ्रश्टाचार नि”ोध दिवस






भ्रश्टाचार निशेध दिवस पर भापथ एवं परिचर्चा

# सैनिक कल्याण समिति



कैडेटों ने सैनिक कल्याण हेतु सैनिक कल्याण समिति कोष में रा”ाी जमा की गईयता राशीएकत्रित क

# एन.सी.सी अधिकारियों की प्रथम एक दिवसीय कार्य”ाला












एक दिवसीय कार्य”ाला में जिला ि”ाक्षा अधिकारी, कमान अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित रहे







कार्य”ाला में अधिकारियो को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।


बैठक

## एनसीसी अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव. शास. दिग्विजय महाविद्यालय में 38 वीं एनसीसी बटालियन की बैठक आयोजित की गई . जिसमें बटालियन के अधिकारियों ने एनसीसी की गतिविधियों पर विस्तार से विचार विमर्श किया.

# <u>वृक्षारोपण</u>





एन.सी.सी कैडेटों द्वाराएवं फलदार पौघों का वितरण किया व जागरुकता हेतु रैली निकाली।





महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण



दैनिक भास्कर

भिलाई-राजनांदगांव, शुक्रवार 21 जुलाई, 2017 | 20

जिले की खबरें

## दिग्विजय कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने किया 150 फलदार पौधों का रोपण

राजनांदगांव| दिग्विजय कॉलेज में गुरुवार को एनसीसी, एनएसएस के छात्र और सभी विभागों के शिक्षकों ने पौधा रोपण किया। इस कार्यक्रम में 150 फलदार और अन्य पौधों का रोपण किया गया। पौधा रोपण के बाद प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्रिका नाथवानी ने छात्र-छात्राओं को कहा कि पौधा जीवन के बहुमूल्य अंग है पेड़ है तो हम है। प्राध्यापक डॉ. अंजना ठाकुर ने जीवन के साथ पेड़ पौधों के महत्व बताया। डॉ. अनिता महिश्वर ने अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे रोपने की अपील की।

एन.सी.सी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया एवं फलदार पौघों का वितरण


## कैरियर गाईडेंस



कैरियर गाईडेंस पर व्याख्यान–डॉ.संजय ठिसके ने कैडेटों को रोजगार स
बंधीजानकारी

दी.

## साहसिक गतिविधियॉ : वाल क्लाईंबिग, पैरासेलिंग एवं फायरिंग



पैरासेलिंगवाल–क्लाईंबिगफायरिगं**यरिंग**

## पैरासिलिंग कर कैडेटों ने दिया साहक का परिचय



**राजनांदगांव।** कमान अधिकारी 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एवं एनसीसी राजनांदगांव कर्नल डीके सिंह के निर्देशन में एनसीसी जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के 125 कैडेटों ने धर्मापुर मैदान में पैरासिलिंग कर साहस का परिचय दिया। 12 से 20 जनवरी तक राजनांदगांव के कैडेट साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इसमें एक दिवसीय शिविर में कैडेट वाल क्लाई विंग फायरिंग एवं पैरासिलिंग कार्यवाही करके प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण शिविर में सर्वेश्वर दास नगर पालिक उच्चतर माध्यमिक शाला के 67 कैडेट एवं स्टेट स्कूल के 58 कैडेट शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव, सुनील भागवत, संदीप जायसवाल उपस्थित रहे।

## वनांचल के कैडेटों ने की साहसिक पैरासिलिंग

नवभारत संवाददाता | मोहला



एनसी सी कमान अधिकारी 38 छत्तीसगढ़ बटालियन राजनांदगांव कर्नल डी के सिंह के निर्देशन में एनसीसी मोहला आर्मी विंग जूनियर डिवीसन के 54 कैडेट एवं जूनियर विंग के 18 कैडेटों ने सोमनी मैदान में पैरासिलिंग किया. जिले स्तर के इस साहसिक कैम्प में वनांचल के कैडेट्स शामिल होकर अति रोमांचित है, प्रशिक्षण के दौरान कडेटो का हौसला और जुनून देखने लायक था. सीनियर कैडेट आकाश कुमार एवं भूपेंद्र ने अधिकारियों से अपना अनुभव बताते हुए कहा कि पैरासिलिंग फायरिंग और वाल क्लाइविंग तीनो का प्रशिक्षण हमने प्राप्त किया. तीनों ही प्रकार के प्रशिक्षण में हमे बहुत मजा आया हम इस प्रकार के साहसिक कैम्प में और भाग लेना चाहते है यह हमारे लिए बहुत ही अच्छा अवसर रहा जो हमें हमेसा याद रहेगा. प्रशिक्षण की कायर्वाही सूबेदार मेजर तरलोचन सिंह, वीबीआर रेड्डी, नायब सूबेदार सज्जन सिंह, सीएचएम पी, सीएम रंजीत कुमार, सीएचएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह, हवलदार अशोक कुमार आदि के निर्देशन में हुआ. इस प्रशिक्षण से जिलेभर के एनसीसी कैडेटों में हर्ष व्याप्त है. प्रशिक्षण के दौरान मोहला एनसीसी अधिकारी दीपक ठाकुर, व्याख्याता प्रमोद खन्ना एवं लीन उपस्थित रहे.



## एनसीसी के कैडेटों ने किया साहसिक पैरासिलिंग

**राजनांदगांव 13 (असं)।** कमान अधिकारी 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एवं एनसीसी राजनांदगांव कर्नल डीके सिंह के निर्देशन में एनसीसी जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कुल 125 कैडेटों ने धर्मापुर मैदान में पैरासिलिंग किया। 12 जनवरी से 20 जनवरी तक राजनांदगांव के कैडेट साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इसमें एक दिवसीय शिविर में कैडेट वाल क्लाई विंग फायरिंग एवं पैरासिलिंग कार्यवाही करके प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण की कार्यवाही सूबेदार मेजर तिलोचन सिंह, वीबीआर रेड्डी, नायब सूबेदार सज्जन सिंह, सीएचएम पी. टीकेंग, सीएमएच रंजीत कुमार, सीएचएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सीएचएम मोहन पाल सिंह, हवलदार जितेन्द्र कुमार, हवलदार अशोक कुमार, हवलदार सुभाष सिंह, के निर्देशन में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से कैडेटों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षण शिविर में सर्वेश्वर दास नगर पालिक उच्चतर माध्यमिक शाला के 67 कैडेट एवं स्टेट स्कूल के 58 कैडेट शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान कैडेटों का उत्साह एवं जुनून देखने लायक था। प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव, सुनील भागवत, संदीप जायसवाल उपस्थित रहे।